**दिनांक–15.01.2025 को श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त संचालित 20 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक–15.01.2025 को श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम चरण की प्रगति की समीक्षा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना तथा सम्बन्धित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) के साथ की गई।

बैठक में सर्वप्रथम सभी जिलों द्वारा सितम्बर तृतीय सप्ताह, 2024 से दिसम्बर, द्वितीय सप्ताह, 2024 के मध्य किए गए कार्य की तुलनात्मक प्रगति की समीक्षा की गई, जो निम्नरूपेण पाई गईः–

**SPECIAL SURVEY 2024 :: DISTRICT REPORT : September 3rd Week PHASE - 1**

| SL. No. | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | 7 | | 8 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Boundary Updated Map's Supply (5%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (15%) | | Target of Darft Publication This Week | Darft Publication Form-12 (Mauza) (10%) | | Final Publication Form-20 (Mauza)(10 %) | | RANK |
| District | | | | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | Weekly Target | A. COUNT | % | A. COUNT | % | |
| SHEIKHPURA | 6 | 15 | 284 | 284 | 100.0% | 284 | 100.0% | 284 | 100.00% | 268 | 94.37% | 266 | 93.66% | 284 | 263 | 92.61% | 191 | 67.25% | 1 |
| MUNGER | 5 | 13 | 306 | 306 | 100.0% | 305 | 99.7% | 304 | 99.35% | 300 | 98.04% | 299 | 97.71% | 306 | 296 | 96.73% | 46 | 15.03% | 2 |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 240 | 240 | 100.0% | 240 | 100.0% | 238 | 99.17% | 228 | 95.00% | 219 | 91.25% | 240 | 195 | 81.25% | 106 | 44.17% | 3 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 178 | 178 | 100.0% | 178 | 100.0% | 167 | 93.82% | 167 | 93.82% | 167 | 93.82% | 167 | 147 | 82.58% | 69 | 38.76% | 4 |
| NALANDA | 9 | 17 | 396 | 396 | 100.0% | 393 | 99.2% | 383 | 96.72% | 331 | 83.59% | 316 | 79.80% | 396 | 307 | 77.53% | 20 | 5.05% | 5 |
| BEGUSARAI | 10 | 19 | 438 | 438 | 100.0% | 438 | 100.0% | 373 | 85.16% | 331 | 75.57% | 324 | 73.97% | 435 | 292 | 66.67% | 208 | 47.49% | 6 |
| LAKHISARAI | 5 | 16 | 400 | 400 | 100.0% | 400 | 100.0% | 363 | 90.75% | 363 | 90.75% | 278 | 69.50% | 387 | 258 | 64.50% | 67 | 16.75% | 7 |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 80 | 100.0% | 80 | 100.0% | 80 | 100.00% | 56 | 70.00% | 54 | 67.50% | 80 | 48 | 60.00% | 16 | 20.00% | 8 |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 157 | 157 | 100.0% | 157 | 100.0% | 151 | 96.18% | 117 | 74.52% | 115 | 73.25% | 158 | 92 | 58.60% | 16 | 10.19% | 9 |
| ARARIA | 2 | 6 | 153 | 153 | 100.0% | 153 | 100.0% | 147 | 96.08% | 114 | 74.51% | 110 | 71.90% | 144 | 92 | 60.13% | 4 | 2.61% | 10 |
| PURNIA | 1 | 4 | 87 | 87 | 100.0% | 87 | 100.0% | 72 | 82.76% | 67 | 77.01% | 64 | 73.56% | 72 | 62 | 71.26% | 2 | 2.30% | 11 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 281 | 281 | 100.0% | 281 | 100.0% | 249 | 88.61% | 192 | 68.33% | 185 | 65.84% | 281 | 172 | 61.21% | 47 | 16.73% | 12 |
| ARWAL | 5 | 13 | 312 | 312 | 100.0% | 312 | 100.0% | 284 | 91.03% | 235 | 75.32% | 226 | 72.44% | 312 | 133 | 42.63% | 1 | 0.32% | 13 |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 114 | 114 | 100.0% | 114 | 100.0% | 93 | 81.58% | 84 | 73.68% | 72 | 63.16% | 114 | 60 | 52.63% | 4 | 3.51% | 14 |
| SAHARSA | 3 | 5 | 122 | 122 | 100.0% | 122 | 100.0% | 114 | 93.44% | 76 | 62.30% | 70 | 57.38% | 122 | 53 | 43.44% | 7 | 5.74% | 15 |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 253 | 253 | 100.0% | 252 | 99.6% | 247 | 97.63% | 145 | 57.31% | 142 | 56.13% | 253 | 113 | 44.66% | 5 | 1.98% | 16 |
| SUPAUL | 5 | 12 | 252 | 252 | 100.0% | 252 | 100.0% | 173 | 68.65% | 150 | 59.52% | 149 | 59.13% | 252 | 132 | 52.38% | 45 | 17.86% | 17 |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 451 | 451 | 100.0% | 451 | 100.0% | 299 | 66.30% | 222 | 49.22% | 207 | 45.90% | 460 | 196 | 43.46% | 3 | 0.67% | 18 |
| BANKA | 5 | 12 | 933 | 933 | 100.0% | 933 | 100.0% | 402 | 43.09% | 339 | 36.33% | 318 | 34.08% | 309 | 242 | 25.94% | 55 | 5.89% | 19 |
| JAMUI | 3 | 6 | 220 | 220 | 100.0% | 155 | 70.5% | 126 | 57.27% | 85 | 38.64% | 85 | 38.64% | 155 | 79 | 35.91% | 17 | 7.73% | 20 |
| Total Count | 89 | 208 | 5657 | 5657 | 100.0% | 5587 | 98% | 4549 | 86.4% | 3870 | 72.39% | 3666 | 68.93% | 4927 | 3232 | 60.71% | 929 | 16.50% | |

**Best Performing Districts :**

| SHEIKHPURA | MUNGER | JEHANABAD |
|---|---|---|

**Least Performing Districts :**

[redacted]

## SPECIAL SURVEY 2024 :: DISTRICT REPORT : December 2nd Week PHASE - 1

| SL No. | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | 7 | | 8 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Boundary Updated Map's Supply (5%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (15%) | | Target of Darft Publication This Week | Darft Publication Form-12 (Mauza) (10%) | | Final Publication Form-20 (Mauza)(10%) | | RANK |
| District | | | | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | Weekly Target | A. COUNT | % | A. COUNT | % | |
| SHEIKHPURA | 6 | 15 | 284 | 284 | 100.0 % | 284 | 100.0 % | 284 | 100.0 0% | 268 | 94.37 % | 266 | 93.66 % | 284 | 266 | 93.66 % | 206 | 72.54 % | 1 |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 240 | 240 | 100.0 % | 240 | 100.0 % | 238 | 99.17 % | 228 | 95.00 % | 219 | 91.25 % | 240 | 204 | 85.00 % | 108 | 45.00 % | 2 |
| MUNGER | 5 | 13 | 306 | 306 | 100.0 % | 305 | 99.7 % | 304 | 99.35 % | 300 | 98.04 % | 299 | 97.71 % | 306 | 298 | 97.39 % | 46 | 15.03 % | 3 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 178 | 178 | 100.0 % | 178 | 100.0 % | 167 | 93.82 % | 167 | 93.82 % | 167 | 93.82 % | 167 | 149 | 83.71 % | 69 | 38.76 % | 4 |
| NALANDA | 9 | 17 | 396 | 396 | 100.0 % | 393 | 99.2 % | 383 | 96.72 % | 342 | 86.36 % | 317 | 80.05 % | 396 | 309 | 78.03 % | 20 | 5.05 % | 5 |
| BEGUSARAI | 10 | 19 | 438 | 438 | 100.0 % | 438 | 100.0 % | 373 | 85.16 % | 331 | 75.57 % | 327 | 74.66 % | 435 | 294 | 67.12 % | 218 | 49.77 % | 6 |
| LAKHISARAI | 5 | 16 | 400 | 400 | 100.0 % | 400 | 100.0 % | 363 | 90.75 % | 363 | 90.75 % | 278 | 69.50 % | 387 | 259 | 64.75 % | 67 | 16.75 % | 7 |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 157 | 157 | 100.0 % | 157 | 100.0 % | 151 | 96.18 % | 123 | 78.34 % | 116 | 73.89 % | 158 | 96 | 61.15 % | 17 | 10.83 % | 8 |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 80 | 100.0 % | 80 | 100.0 % | 80 | 100.0 0% | 56 | 70.00 % | 54 | 67.50 % | 80 | 48 | 60.00 % | 16 | 20.00 % | 9 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 281 | 281 | 100.0 % | 281 | 100.0 % | 268 | 95.37 % | 208 | 74.02 % | 197 | 70.11 % | 281 | 176 | 62.63 % | 47 | 16.73 % | 10 |
| ARARIA | 2 | 6 | 153 | 153 | 100.0 % | 153 | 100.0 % | 147 | 96.08 % | 114 | 74.51 % | 110 | 71.90 % | 144 | 92 | 60.13 % | 4 | 2.61 % | 11 |
| PURNIA | 1 | 4 | 87 | 87 | 100.0 % | 87 | 100.0 % | 72 | 82.76 % | 67 | 77.01 % | 64 | 73.56 % | 72 | 62 | 71.26 % | 2 | 2.30 % | 12 |
| ARWAL | 5 | 13 | 312 | 312 | 100.0 % | 312 | 100.0 % | 288 | 92.31 % | 235 | 75.32 % | 226 | 72.44 % | 312 | 141 | 45.19 % | 1 | 0.32 % | 13 |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 253 | 253 | 100.0 % | 253 | 100.0 % | 249 | 98.42 % | 160 | 63.24 % | 138 | 54.55 % | 253 | 115 | 45.45 % | 5 | 1.98 % | 14 |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 114 | 114 | 100.0 % | 114 | 100.0 % | 93 | 81.58 % | 84 | 73.68 % | 72 | 63.16 % | 114 | 62 | 54.39 % | 4 | 3.51 % | 15 |
| SAHARSA | 3 | 5 | 122 | 122 | 100.0 % | 122 | 100.0 % | 115 | 94.26 % | 76 | 62.30 % | 70 | 57.38 % | 122 | 53 | 43.44 % | 7 | 5.74 % | 16 |
| SUPAUL | 5 | 12 | 252 | 252 | 100.0 % | 252 | 100.0 % | 173 | 68.65 % | 150 | 59.52 % | 149 | 59.13 % | 252 | 132 | 52.38 % | 45 | 17.86 % | 17 |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 451 | 451 | 100.0 % | 451 | 100.0 % | 299 | 66.30 % | 222 | 49.22 % | 207 | 45.90 % | 460 | 196 | 43.46 % | 3 | 0.67 % | 18 |
| BANKA | 5 | 12 | 933 | 933 | 100.0 % | 933 | 100.0 % | 402 | 43.09 % | 340 | 36.44 % | 318 | 34.08 % | 309 | 246 | 26.37 % | 55 | 5.89 % | 19 |
| JAMUI | 3 | 6 | 220 | 220 | 100.0 % | 155 | 70.5 % | 126 | 57.27 % | 85 | 38.64 % | 85 | 38.64 % | 155 | 79 | 35.91 % | 17 | 7.73 % | 20 |
| Total Count | 89 | 208 | 5657 | 5657 | 100.0 % | 5588 | 98% | 4575 | 86.9 % | 3919 | 73.31 % | 3679 | 69.14 % | 4927 | 3277 | 61.57 % | 957 | 16.95 % | |

**Best Performing Districts :**

| SHEIKHPURA | JEHANABAD | MUNGER |
|---|---|---|

**Least Performing Districts :**

[redacted]

उपरोक्त तुलनात्मक प्रगति में सभी जिलों की प्रगति पर असंतोष प्रगति व्यक्त किया गया। जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा इस सम्बन्ध में बताया गया कि विगत कुछ माह से भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर से सम्बन्धित सर्वर में आ रही विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं के कारण प्रक्रमवार किए जा रहे कार्यों की प्रगति नहीं हो पा रही है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा विशेषतः IIC Technology द्वारा विभिन्न प्रक्रमों में अपडेट कर मानिचत्रों की आपूर्ति नहीं की गई है, जिस कारण अलग–अलग प्रक्रमों का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

निदेशित किया गया कि सर्वर एवं IT से सम्बन्धित समस्याओं के लिए पत्र के माध्यम से IT विभाग को अविलंब अवगत कराया जाए एवं विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के लिए SDC, बेल्ट्रॉन, बिहार, पटना द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सर्वर एवं उनके प्रमण्डलवार पृथक्करण करने वाली प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया जाए। बैठक में उपस्थित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को अवगत कराया गया कि उनके द्वारा किए जा रहे कार्य के दर का पुनरीक्षण कर दिया गया है। साथ ही निदेशित किया गया कि प्रत्येक दशा में अलग–अलग प्रक्रमों के जो मानचित्र विभिन्न जिलों को दिए जाने हैं, उन्हें एक सप्ताह के अन्दर निश्चित रूप से सम्बन्धित जिलों को उपलब्ध करना सुनिश्चित किया जाए। यह भी निदेशित किया गया कि विभिन्न जिला से विशेषतः IIC Technology से सम्बन्धित जिलों से एजेंसी द्वारा प्रक्रमवार आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों की आपूर्ति में हुए विलंब के सम्बन्ध में जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त कर एजेंसी को होने वाले भुगतान में कटौती का प्रस्ताव दिया जाए।

जिलावार तुलनात्मक प्रगति के उपरान्त अलग–अलग जिलों से उनके कार्यों समस्याओं एवं प्रगति की जिलावार समीक्षा की गई। जिलावार प्रगति और समीक्षोपरान्त दिए गए निदेश निम्नवत हैं–

(i) शेखपुरा जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 10 मौजों में प्रपत्र–6 की इंट्री का कार्य चल रहा है, जिसमें कुल खेसरों की संख्या 135301 है एवं लगभग प्रत्येक ग्राम में 10000 से अधिक खेसरों की इंट्री की जानी है। यह भी बताया गया कि सर्वर में दिन में कार्य करना संभव नहीं हो पाता है, जिस कारण उपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है।

निदेशित किया गया कि बेल्ट्रॉन, बिहार, पटना द्वारा जब तक सर्वर का प्रमण्डलवार पृथक्करण नहीं कराया जाता है तब तक शनिवार एवं रविवार को राज्य के 38 जिलों में किए जा रहे स्वघोषणा अपलोडिंग के कार्य को स्थगित कर दिया जाए ताकि प्रथम चरण के 20 जिलों द्वारा विभिन्न प्रक्रमों का कार्य किया जा सके। साथ ही यह निदेश दिया गया कि राज्य एवं जिला स्तर पर सॉफ्टवेयर सम्बन्धी समस्याओं का समाधान जब तक संभव नहीं हो पाता है तब तक निदेशालय स्तर से विशेष सर्वेक्षण के विभिन्न प्रक्रमों के कार्यों का निष्पादन ऑफलाईन माध्यम से करने के सम्बन्ध में भी प्रस्ताव तैयार किया जाए।

(ii) मुंगेर जिले की समीक्षा में पाया गया कि सुनवाई प्रक्रम में 124 ग्राम लंबित है एवं उनके द्वारा बताया गया कि शिविर स्तर पर PVT जेनरेट नहीं होने के कारण दावा/आपत्ति का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रपत्र–20 के बाद की सुनवाई की प्रक्रिया में अंचलाधिकारियों द्वारा ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण प्रगति बाधित होती है।

पृच्छा की गई कि विभिन्न शिविरों में ऑफलाईन माध्यम से कितनी दावा/आपत्ति प्राप्त हुई है। इस सम्बन्ध में पदाधिकारी द्वारा कोई प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया।

निदेशित किया गया कि सुनवाई की प्रक्रिया में जब ऑफलाईन दावा/आपत्ति प्राप्त कर सुनवाई किए जाने के प्रावधान है तो इसके अनुरूप समीक्षा नहीं किया जाना खेदजनक है। अंचल अधिकारी द्वारा ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराए जाने के सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि अंचल अधिकारियों को तीन बार सूचना तामिला करने के बाद एक पक्षीय निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है।

(iii) नालंदा जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 11 राजस्व ग्रामों का विगत सर्वे मानचित्र उपलब्ध नहीं रहने के कारण इन ग्रामों में किस्तवार का कार्य नहीं हो पाया है।

निदेशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों का विगत सर्वेक्षण मानचित्र उपलब्ध नहीं है, उनके सीमा पर अवस्थित राजस्व ग्रामों के मानचित्रों की सहायता से ग्राम की चौहद्दी का स्थल सत्यापन किया जाए और विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के आधार पर किस्तवार का कार्य पूर्ण किया जाए।

(iv) लखीसराय जिले की समीक्षा में पाया गया कि 269 ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित हुआ है, जबकि केवल 67 ग्रामों का अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित किय गया है। साथ ही प्रपत्र–20 में प्रकाशित 20 ग्रामों का प्रतिवेदन जाँचोपरान्त राज्यस्तरीय अधिसूचना के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया है। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शेष 192 ग्रामों में प्रपत्र–12 के बाद की गई सुनवाई पूर्ण कर ली गई है।

निदेशित किया गया कि प्रपत्र–20 में प्रकाशित 20 ग्रामों की जाँचोपरान्त सूची अविलंब निदेशालय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही प्रारूप प्रकाशन पश्चात सुनवाई पूर्ण हो जाने के उपरान्त भी अंतिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन के आने वाली समस्याओं का बिन्दुवार समीक्षा कर विस्तृत प्रतिवेदन निदेशालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

(v) खगड़िया जिले में 03 राजस्व ग्रामों में कार्य बाधित रहने के सम्बन्ध में बताया गया कि 02 ग्रामों में कैडेस्ट्रल खतियान के बाद का सर्वस्ता खतियान है, जिसके अनुसार जमाबन्दी संधारित है और 01 ग्राम में पूर्व में ग्रामीणों के व्यापक विरोध के कारण खानापुरी नहीं की जा सकी।

निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों में सर्वस्ता खतियान है, उनमें कार्य स्थगित रखा जाए तथा जिस ग्राम में ग्रामीणों के विरोध के कारण कार्य नहीं किया जा सका, वहाँ वर्त्तमान में काम को स्थगित रखा जाय।

(vi) शिवहर, पश्चिम चम्पारण एवं अररिया की समीक्षा में पाया गया कि केवल अपेक्षाकृत बड़े राजस्व ग्रामों में खानापुरी लंबित है। अररिया में 20 राजस्व ग्रामों का मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के पास एवं 20 राजस्व ग्रामों का अभिलेख भूमि सुधार उप समाहर्त्ता के यहाँ लंबित पाया गया।

निदेशित किया गया कि खानापुरी कार्य में तेजी लाते हुए यथाशीघ्र खानापुरी का कार्य समाप्त किया जाए एवं भूमि सुधार उप समाहर्त्ता के यहाँ समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण किया जाए।

(vii) पूर्णियाँ जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सर्वर की समस्या का समाधान होते ही 50 राजस्व ग्रामों का अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित हो जाएगा।

(viii) किशनगंज की समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि 06 बड़े ग्रामों को छोड़कर प्रथम चरण के सभी ग्रामों में खानापुरी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 208 ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख एवं 03 ग्रामों में अंतिम अधिकार अभिलेख के अंतिम प्रकाशन में अनेक प्रकार की समस्याएँ आ रही हैं, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। उनके द्वारा मुख्यतः निम्न सुझाव दिए गए :–

(i) प्रपत्र–14 में प्राप्त दावा/आपत्तियों के अतिरिक्त अधिकार अभिलेख की प्रविष्टियों में यदि किसी तरह की त्रुटि परिलक्षित होती है तो बन्दोबस्त पदाधिकारी को स्वतः संज्ञान लेकर उन त्रुटियों का निराकरण करने की शक्ति प्राप्त होनी चाहिए और इस अनुरुप सॉफ्टवेयर में भी आवश्यक सुधार किया जाना चाहिए।

(ii) प्रपत्र–18 'क' में होने वाले भू–लगान निर्धारण हेतु भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को अधिकार अभिलेख भेजे जाने पर भूमि सुधार उप समाहर्त्ता द्वारा लगान निर्धारण के साथ ही अन्य प्रविष्टियों की जाँच कर विसंगति पाये जाने की स्थिति में अधिकार अभिलेख को पुनः शिविर को लौटाने का प्रावधान किया जाए।

उपरोक्त सुझावों के अतिरिक्त बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा यह भी प्रतिवेदित किया गया कि पूर्व में प्रपत्र–12 से प्रपत्र–18 के मध्य Status देखने की सुविधा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर पर उपलब्ध थी, जिसे बाद में बिहार सर्वे ट्रेकर पर स्थानांतरित कर दिया गया था, परंतु वर्त्तमान में भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अथवा सर्वे ट्रेकर दोनों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसे पुनः परिचालन में लाये जाने की आवश्यकता है।

(iii) प्रपत्र—20 में अंतिम अधिकार अभिलेख को प्रकाशित करने के पूर्व बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर से अवलोकन उपरान्त पाई गई त्रुटि को दूर करने के लिए अधिकार अभिलेख को पुनः शिविर प्रभारी के पास वापस किए जाने का प्रावधान आवश्यक प्रतीत होता है।

निदेश दिया गया कि प्राप्त सुझावों की निदेशालय स्तर पर समीक्षा करते हुए प्रस्ताव तैयार कर संचिका के माध्यम से उपस्थापित किया जाए।

बैठक के अन्त में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि शिविर स्तर से किए जाने वाले वैसे सभी कार्य यथा—सुनवाई, प्रपत्र—6 का लेखन इत्यादि जिनके निष्पादन के लिए सॉफ्टवेयर आवश्यक नहीं है, को 15 दिन के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिन ग्रामों में खानापुरी चल रही है, वहाँ अतिरिक्त कर्मियों को सम्बद्ध कर कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/—
(जय सिंह)
सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

**e-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**स0सं0:—17—तक0को0—312/2018—Part-IV.......................**

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0—312/2018—Part-IV ......269...... **पटना, दिनांक:** 17/01/2025

**प्रतिलिपि** : सभी संबंधित 20 जिले के समाहर्त्ता/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/1/25
**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0—312/2018—Part-IV ......269...... **पटना, दिनांक:** 17/01/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बेगूसराय/लखीसराय/खगड़िया/जहानाबाद/बांका/जमुई/मुंगेर/सीतामढ़ी/शिवहर/शेखपुरा/नालंदा/सुपौल/मधेपुरा/किशनगंज/पूर्णियाँ/कटिहार/अरवल/अररिया/पश्चिमी चम्पारण/सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/1/25
**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ............269............**पटना, दिनांक**:..17/01/2025........

**प्रतिलिपि** : सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय/लखीसराय/खगड़िया/जहानाबाद/बांका/जमुई/मुंगेर/सीतामढ़ी/शिवहर/शेखपुरा/नालंदा/सुपौल/मधेपुरा/किशनगंज/पूर्णियाँ/ कटिहार अरवल/अररिया/पश्चिमी चम्पारण/सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/1/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ............269............**पटना, दिनांक**:..17/01/2025........

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/अवर सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/1/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ............269............**पटना, दिनांक**:..17/01/2025........

**प्रतिलिपि** : हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd., GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/1/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ............269............**पटना, दिनांक**:..17/01/2025........

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/1/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ............269............**पटना, दिनांक**:..17/01/2025........

**प्रतिलिपि** : सचिव/अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

17/1/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ............269............**पटना, दिनांक**:..17/01/2025........

**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

17/1/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप